भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3395

दिनांक 12 मार्च, 2026 को उत्तरार्थ

.....

बाढ़ प्रबंधन और सीमा क्षेत्र कार्यक्रम के कार्यान्वयन की स्थिति

3395. श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टीः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश भर में बाढ़ प्रबंधन और सीमा क्षेत्र कार्यक्रम (एफएमबीएपी) के कार्यान्वयन की राज्य-वार वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) आन्ध्र प्रदेश में एफएमबीएपी के प्रारंभ से लेकर अब तक इसके अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है और इसके अंतर्गत आवंटित, जारी और उपयोग की गई निधियों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान आन्ध्र प्रदेश सहित अन्य राज्यों से एफएमबीएपी के अंतर्गत प्राप्त प्रस्तावों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है और इनमें कितने प्रस्ताव स्वीकृत किए गए हैं, कितने विचाराधीन हैं या कितने अस्वीकृत किए गए हैं;

(घ) क्या आन्ध्र प्रदेश राज्य सरकार के कोई प्रस्ताव वर्तमान में एफएमबीएपी के अंतर्गत लंबित हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ङ) क्या एफएमबीएपी के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए राज्यों के लिए बाढ़ के मैदानों के क्षेत्र संबंधी कानून का अधिनियमन अनिवार्य है और यदि हां, तो क्या आन्ध्र प्रदेश राज्य सरकार ने ऐसा कानून अधिनियमित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) केन्द्र सरकार द्वारा आन्ध्र प्रदेश और अन्य राज्यों को बाढ़ के मैदानी क्षेत्र संबंधी कानूनों को अपनाने और एफएमबीएपी को प्रभावी ढंग से लागू करने में सहायता और प्रोत्साहन देने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री

(श्री राज भूषण चौधरी)

(क) से (घ): केंद्र सरकार वर्ष 2021-26 के दौरान बाढ़ नियंत्रण, कटाव रोधी उपाय, जल निकासी विकास, समुद्री कटाव रोधी उपाय आदि से संबंधित कार्यों के लिए राज्यों को केंद्रीय सहायता प्रदान करने हेतु केंद्र प्रायोजित "बाढ़ प्रबंधन और सीमा क्षेत्र कार्यक्रम (एफएमबीएपी)" लागू कर रही है। एफएमबीएपी के अंतर्गत राज्य-वार केंद्रीय हिस्सेदारी का विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

एफएमबीएपी के अंतर्गत शामिल करने के लिए आंध्र प्रदेश का कोई परियोजना प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ङ) और (च): वर्ष 2021-2026 के दौरान एफएमबीएपी योजना की मंत्रीमंडल स्वीकृति के अनुसार, केवल उन्हीं राज्यों की परियोजनाएं राज्यों में एफएमबीएपी के अंतर्गत शामिल होने की पात्र हैं जिन्होंने किसी कानून या उपयुक्त कार्यकारी आदेश के माध्यम से बाढ़ मैदान क्षेत्रीकरण (एफपीजेड) लागू किया है।

जल शक्ति मंत्रालय ने राज्यों को देश में बाढ़ प्रबंधन के एक गैर-संरचनात्मक उपाय के रूप में फ्लड प्लेन जोनिंग दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर लगातार बल दिया है। बाढ़ मैदानों का वैज्ञानिक मूल्यांकन करने और बाढ़ को कम करने की एक गैर-संरचनात्मक उपाय के रूप में इसकी ज़ोनिंग हेतु राज्यों को सक्षम बनाने के उद्देश्य से, जल शक्ति मंत्रालय द्वारा अगस्त 2025 में आंध्र प्रदेश सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को फ्लड प्लेन जोनिंग पर एक तकनीकी दिशानिर्देश तैयार करके प्रसारित किया गया है।

*****

अनुलग्नक

"बाढ़ प्रबंधन और सीमा क्षेत्र कार्यक्रम के कार्यान्वयन की स्थिति" के संबंध में दिनांक 12.03.2026 को लोक सभा में उत्तर के लिए देय अतारांकित प्रश्न संख्या 3395 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

प्रारंभ से बाढ़ प्रबंधन और सीमा क्षेत्र कार्यक्रम (एफएमबीएपी) के अंतर्गत राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार स्वीकृत प्रस्तावों की संख्या और जारी केंद्रीय सहायता।

क्र. सं.	राज्य	प्रारंभ से एफएमपी के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या	प्रारंभ से लेकर वर्ष 2024-25 तक जारी केंद्रीय सहायता (रुपये करोड़ में)		
			एफएमपी#	आरएमबीए@	कुल
1	अरुणाचल प्रदेश	23	213.28	-	213.28
2	असम	142	1582.54	-	1582.54
3	बिहार	48	924.40	732.15	1656.55
4	छत्तीसगढ	3	19.32	-	19.32
5	गोवा	2	11.98	-	11.98
6	गुजरात	2	2.00	-	2.00
7	हरियाणा	1	46.91	-	46.91
8	हिमाचल प्रदेश	8	862.74	-	862.74
9	जम्मू एवं कश्मीर	44	805.27	25.91	831.18
10	झारखंड	3	22.71	-	22.71
11	कर्नाटक	3	23.80	-	23.80
12	केरल	4	137.95	-	137.95
13	मणिपुर	23	380.71	-	380.71
14	मेघालय	0	3.81	-	3.81
15	मिजोरम	2	16.88	-	16.88
16	नगालैंड	17	94.83	-	94.83
17	ओडिशा	68	119.42	-	119.42
18	पुदुचेरी	1	7.50	13.26	20.76
19	पंजाब	5	40.43	27.82	68.25
20	सिक्किम	45	91.84	-	91.84

21	**तमिलनाडु**	5	59.82	-	59.82
22	**त्रिपुरा**	11	23.62	41.05	64.67
23	**उत्तर प्रदेश**	29	470.19	387.26	857.45
24	**उत्तराखंड**	22	246.59	12.50	259.09
25	**पश्चिम बंगाल**	18	1051.96	237.93	1289.89
	कुल	**529**	**7260.50**	**1477.88**	**8738.38**

एफएमपी - बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम

@ आरएमबीए - सीमावर्ती क्षेत्रों से संबंधित नदी प्रबंधन गतिविधियाँ और कार्य

*****